स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन ने जीसीसी के विकास के लिए किया एमओयू

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: उत्तर प्रदेश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के विकास, उनमें वैश्विक निवेश आकर्षित करने, उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार सृजन व आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन (एसटीसी) और जीसीसीप्रोस (चार्टर्ड टाइम्स एलएलपी का आपरेटिंग ब्रांड) के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। स्टेट ट्रांसफारमेशन कमिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह और जीसीसीप्रोस के संस्थापक शम्मी प्रभाकर सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

उत्तर प्रदेश में लगभग 144 जीसीसी संचालित हैं जिनमें 95 प्रतिशत सिर्फ नोएडा क्षेत्र में हैं। प्रारंभिक चरण में नोएडा, ग्रेटर नोएडा व लखनऊ को केंद्र में रखते हुए राज्य में जीसीसी पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस साझेदारी के अंतर्गत दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से वार्षिक 'यूपी जीसीसी रिर्पोट' तथा मासिक 'यूपी जीसीसी इंडेक्स' तैयार करने का प्रयास करेंगी। उद्योग और सरकार के बीच संवाद को संस्थागत स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से यूपी जीसीसी लीडर्स काउंसिल के गठन की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।